लखनऊ. परिवार कल्याण, मातृ व शिशु कल्याण विभाग में खाली पड़े 22 हजार पदों पर जल्द ही भर्तियां की जाएंगी। इसके अलावा 40 हजार सफाई कर्मियों की भर्ती के भी आदेश जारी हो गए हैं। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविदास मेहरोत्रा ने अफसरों से जुलाई के अंत तक सारी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ ही एक अगस्त से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पूरी भर्ती प्रक्रिया को ऑनलाइन रखा जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग में इन पदों पर होंगी भर्तियां

डॉक्टर्स- 5 हजार

बेसिक हेल्थ वर्कर (बीएसडब्ल्यू)- 7 हजार

एएनएम- 10 हजार

डॉक्टरों की होगी सीधी भर्ती

परिवार कल्याण राज्यमंत्री ने डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित करने के निर्देश दिए। अब परिवार कल्याण, मातृ व शिशु कल्याण विभाग को भी कैंपस इंटरव्यू के जरिये डॉक्टरों की भर्ती करनी होगी।

40 हजार सफाई कर्मियों की होगी भर्ती

उत्तर प्रदेश के सभी 630 निकायों में संविदा पर 40 हजार सफाई कर्मियों की भर्ती की जाएगी। राज्य सरकार ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अब निकाय के स्तर पर ही भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले विभाग ने 21 दिसंबर 2015 को भी भर्ती का आदेश जारी किया था, लेकिन कुछ संगठनों की आपत्ति को देखते हुए रद्द कर दिया गया था।

जल्द भर्ती के आदेश

राज्य सरकार के शासनादेश में कहा गया है कि एक महीने के भीतर भर्ती के संबंध में विज्ञापन दो प्रमुख अखबारों में प्रकाशित कराया जाए। विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिनों के भीतर आवेदन की तिथि तय की जाएगी। अंतिम तिथि से अधिकतम 10 दिनों में चयन प्रक्रिया पूरी करके सूची शासन को भेज दी जाएगी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद अंतिम चयन सूची निकाय के स्तर से जारी होगी।